व्यावसायिक परीक्षा परिषद,उ0प्र0, दूरभाषः0522–2336115, 2334928
राजकीय आई0टी0आई0परिसर, अलीगंज,लखनऊ। वेबसाइट www.vppup.in

टेण्डर नोटिस संख्या–01/वी0पी0पी0/एस0टी0–005/078/2014, लखनऊःदिनांक, 7 जनवरी,, 2014

## अल्प–कालिक निविदा सूचना

व्यावसायिक परीक्षा परिषद, उत्तर प्रदेश द्वारा आमंत्रित टेण्डर नोटिस संख्या–01/वी0पी0पी0/एस0टी0–005/078/2014 दिनांकः 06 जनवरी,, 2014 सत्र–2014 के लिए निर्धारित प्रवेश प्रकिया के अनुसार निःशुल्क विवरणिका, उपस्थिति, अनुपस्थिति, मेजपर्ची, पम्पलेट आदि प्रपत्रों के मुद्रण कार्य हेतु प्रतिष्ठित मुद्रणालयों से मुहरबन्द टेण्डर आमंत्रित किये जाते है।

1– टेण्डर–फार्म बिकी की अवधि 11–1–2014 से 31–1–2014 **मध्यान्ह 12.00 बजे** तक निर्धारित है।

2– पूर्ण रूप से भरे गये एवं वांछित अभिलेखों के साथ टेण्डर फार्म को जमा करने की तिथि.. 31–1–2014 को **अपरान्ह 3.00 बजे** तक है।

3– निविदा खोलने की तिथि उपस्थित एवं इच्छुक निविदाकर्ताओं की उपस्थिति में 31–1–2014 को सायं 4.00 बजे।

4– टेण्डर फार्म परिषद की वेबसाइट www.vppup.in पर भी डाउनलोड किए जा सकते है। टेण्डर फार्म का मूल्य **रू0 750.00 मात्र प्रति टेण्डर** बैंकर्स चेक/बैंक ड्राफ्ट जो **''निदेशक,व्यावसायिक परीक्षा परिषद,उ0प्र0, लखनऊ के नाम से ''लखनऊ में देय''** हो भेजे जायें। विशेष परिस्थितियों में ही परिषद कार्यालय में नक्द जमा किया जा सकता है।

7.1.14
निदेशक

Recd
10-01-2014

**टेण्डर फार्म का मूल्यः—** रूपया—750/—(रूपया सात सौ पचास मात्र)।

**भाग—1**

# व्यावसायिक परीक्षा परिषद,उ0प्र0,
# राजकीय आई0टी0आई0 परिसर—अलीगंज लखनऊ।

**टेण्डर संख्या—01 /वी0पी0पी0/एस0टी0—005/प्रवेश परीक्षा/2014**

**लखनऊः दिनांक 07.—1—2014**

**"टेक्निकल बिड"/अर्नेस्टमनी का विवरण (दो पेज)**

**नोटः—** 1. निम्न प्रारूप में आवश्यक प्रविष्टियॉं भर कर लिफाफे में सील बन्द किया जायेगा। अर्नेस्ट मनी अलग लिफाफे में रखी जायेगी।

2. लिफाफे के ऊपर **भाग—1 "टेक्निकल बिड'** स्पष्ट रूप में लिखा जाना चाहिये।

3. इस लिफाफे में दरें/मूल्य भाव सम्बन्धी सूचना रखना वर्जित है, परन्तु कागज का नमूना प्रस्तुत करना तथा विशिष्टियों का उल्लेख करना अनिवार्य है।

**सामान्य**

1. निविदाकर्ता एवं फर्म का नाम ————————————
2. पूर्ण पता (यदि कार्य स्थल कहीं और स्थित है तो ————————————
   उसका भी पता दिया जाय) ————————————
3. दूरभाष/फैक्स नं0, ई—मेल पता ————————————

**अर्नेस्टमनीः**

4— ''निदेशक व्यावसायिक परीक्षा परिषद उ0प्र0 लखनऊ'' के पक्ष में देय अर्नेस्टमनी का विवरण
   (बैंक ड्राफ्ट/बैंकर्स चेक संख्या ————————————
   दिनांक, धनराशि सहित) ————————————

5. प्रत्येक प्रपत्र एवं मुद्रित होने वाली सामग्री के बारे में ————————————
   कागज का हस्ताक्षरित नमूना एवं विशिष्टियों का विवरण————————————
   भी संलग्न किया जायेगा। ————————————
6. राजकीय मुद्रणालय की पंजीयन संख्या ————————————

**उपलब्ध मशीनों का विवरणः—**

7. अधिष्ठान में उपलब्ध आफसेट मशीनों, बाईडिंग मशीन, प्लेट मेकिंग,कैमरा,कम्प्यूटर इत्यादि मुद्रण कार्य से संबंधित कार्यरत मशीनों/उपकरणों का विवरण दिया जायः—

| क्र0सं0 | मशीन/उपकरण का नाम मेक सहित | मशीन का साईज | उपलब्ध संख्या |
|---|---|---|---|
| | | | |
| | | | |
| | | | |

**वित्तीय स्थितिः—** गत 03 वर्षो की कुल वर्षवार आडिटेड बैलेंश शीट एवं भुगतान किये गये इनकम टैक्स का साक्ष्य तथा वाणिज्य कर का विवरण। इनकम टैक्स/वाणिज्य कर एवं सेवाकर (यदि लागू है तो) भुगतान का अंतिम चुकता प्रमाण पत्र सत्यापित प्रति के साथ लगायें। फर्म को एक प्रमाण—पत्र अपने लेटर हेड पर देना होगा विगत तीन वर्षो के सभी देय कर यथा—वाणिज्य कर, आयकर एवं सेवाकर इत्यादि को चुकता कर दिया गया है।

**पैन/टिन संख्याः**

| **वर्ष** | **टर्न ओवर** | **आयकर** | **वाणिज्य कर** | **सेवाकर** | **आडिटेड बैलेंश शीट संलग्न है अथवा नहीं** |
|---|---|---|---|---|---|
| वित्तीय वर्ष—2010—11 | | | | | |
| वित्तीय वर्ष—2011—12 | | | | | |
| वित्तीय वर्ष—2012—13 | | | | | |

**कार्य अनुभवः 8**—जी0आई0टी0आई0, राजकीय पालीटेक्निकों, इंजीनियरिंग कालेजों, विश्वविद्यालयों आदि के लिए आवेदन पत्र के मुद्रण कार्य का कम से कम 05 वर्ष का अनुभव। कार्य के संतोषाजनक सम्पादन का प्रमाण—पत्र अनुभव हेतु संलग्न किया जाय।

| **वर्ष** | **प्रपत्र जो मुद्रित किये गये (संस्थान का नाम सहित)** | **संख्या** |
|---|---|---|
| | | |

**9.** कागज की विशिष्टियों, प्रकार, वजन, फाईनेंशियल बिड के कालम—3 के अनुसार ही होगा।

हस्ताक्षर/अधिष्ठान सील मुहर सहित

अनुमोदित
7.1.14
(निदेशक)

# व्यावसायिक परीक्षा परिषद, उ0प्र0,
# राजकीय आई0टी0आई0 परिसर, अलीगंज लखनऊ।

टेण्डर संख्या 01/वीपीपी/एसटी–005/078/2014

लखनऊ : दिनांक जनवरी,2014

## "दरें तथा मूल्य भाव पत्र" (फाइनेन्शियल बिड) का प्रारूप (दो पेज)

नोट : 1. निम्न प्रारूप के स्तम्भ–7 एवं 8 में आवश्यक प्रविष्टियाँ भर कर,परिषद द्वारा मांगे गये कागज के नमूनों के समतुल्य वांछित एवं अनुमन्य विशिष्टता के सापेक्ष कागज के नमूनों सहित अधिष्ठान के लेटर हेड पर अग्रसारण पत्र के साथ लिफाफा सील बन्द कर दिया जायेगा।

2. सील्ड लिफाफे के ऊपर भाग–2 **"दरें तथा मूल्य भाव पत्र"** स्वच्छ रूप से लिखा जायेगा।

3. केवल परिषद द्वारा माँगे गये कागज के नमूने एवं वांछित विशिष्टता के सापेक्ष ही संलग्न किये जाने वाले कागज के नमूने पर उसका जी0एस0एम0 एवं मेक अंकित करके हस्ताक्षर सहित प्रतिष्ठान की मोहर लगायी जाये।

4. दरें सभी करों सहित, परिषद कार्यालय तक मुद्रित सामग्री उपलब्ध कराने के अनुसार दी जाय। किसी भी प्रकार का वेस्टेज इत्यादि का अधिभार स्वीकार नहीं किया जायेगा।

**मुद्रण कार्य :–**

| क्र0 सं0 | कार्य | कागज का वजन/मानक | मात्रा | मुद्रण/पैकिंग संबंधी विवरण | कागज का ब्राण्ड/मेक | दर प्रति पृष्ठ | कुल मूल्य |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | विवरण पुस्तिका – 2014 तैयार साईज **8.5" x 10.5", 23 "x 36"/8** (प्रवेश परीक्षा समस्त वर्गों हेतु) **N.C.V.T./ S.C.V.T.** पाठ्यक्रम हेतु। | 1. पावती की रसीद एवं कवर पृष्ठ 70 जी0एस0एम0 तथा शेष पृष्ठ 57 जी0एस0एम0 सफेद कागज (सेन्चुरी) पर काले रंग में प्रिन्टिंग की जायेगी<br><br>2. क्वालिटी,, स्टैण्डर्ड मेक, नमूना हस्ताक्षर एवं अधिष्ठान की मुहर सहित, निविदा के साथ संलग्न। | 7,40,000 | 1. लगभग 48 पृष्ठों की विवरणी जिसमें पावती की रसीद एवं कवर पृष्ठ 70 जी0एस0एम0 तथा शेष पृष्ठ 57 जी0एस0एम0 की विवरण पुस्तिका होगी। पावती की रसीद पृष्ठ पर परफोरेशन भी किया जाना है एवं समस्त पृष्ठ दो स्टेपल में जोड़े जायेगें।<br>2.पैकिंग 200–200 के बण्डल में की जायेगी। | सेन्चुरी | | |
| 2. | हैण्डबिल (पम्पलेट) तैयार साईज A-4 | 57 जी0एस0एम0 सफेद कागज प्रयोग किया जायेगा। | 50,000 | बिना दफ्ती 100 के पैड में दोनों तरफ प्रिंटिंग। (नमूनानुसार) | सेन्चुरी | | |

02

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3. | उपस्थिति प्रपत्र तैयार साईज 8" x 13" | 57 जी0एस0एम0 सफेद कागज काले रंग में प्रिन्टिंग का प्रयोग किया जायेगा। | 50,000 | बिना दफ्ती के दोनों तरफ प्रिंटिंग 100 के पैड में। (नमूना अनुसार) | सेन्चुरी | | |
| 4. | अनुपस्थिति प्रपत्र तैयार साईज 8" x 13" | 57 जी0एस0एम0 सफेद कागज काले रंग में प्रिन्टिंग का प्रयोग किया जायेगा। | 50,000 | बिना दफ्ती के एक तरफ प्रिंटिंग 100 के पैड में। (नमूना अनुसार) | सेन्चुरी | | |
| 5. | मेच पर्ची तैयार साईज 4" x 3" फिनिश साईज | 57 जी0एस0एम0 सफेद कागज काले रंग में प्रिन्टिंग का प्रयोग किया जायेगा। | 9,00,000 | बिना दफ्ती के एक तरफ प्रिंटिंग 100 के पैड में। (नमूना अनुसार) | सेन्चुरी | | |
| 6. | ( 22.5 x 12.5 cm.) साइज सफेद रंग का( विण्डो टाइप सेलोफिन लगा) लिफाफा | 60 GSM सफेद रंग का कागज नमुने के अनुसार। | 7,40,000 | | | | |
| 7. | ( 22.5 x 12.5 cm.) साइज का 80 GSM क्रीम कलर का (प्लास्टिक कोटेड ) लिफाफा। | 80 GSM क्रीम कलर का कागज नमुने के अनुसार। | 7,40,000 | | | | |

अनुमोदित

(हस्ताक्षर) 7.1.14

(निदेशक)

# व्यावसायिक परीक्षा परिषद,उ0प्र00,
# राजकीय आई0टी0आई0 परिसर–अलीगंज लखनऊ।

**टेण्डर संख्या–01 /वी0पी0पी0/एस0टी0–005/078/2014**

**लखनऊः दिनांक 7.–1–2014**

**<u>निर्देश (एक पेज)</u>**

1. निविदा प्रपत्र में प्रारूप, भाग–1 एवं भाग–2 अलग–अलग हैं। भाग–1 "टेक्निकल आफर/अर्नेस्टमनी" तथा भाग–2 "फाईनेन्शियल बिड" (दरें/मूल्य भाव–पत्र) के लिए है। निविदा के इन प्रपत्रों पर आवश्यक प्रविष्टियाँ की जायेंगी तथा ये दोनों आफर अलग–अलग सील्ड लिफाफे में बन्द किये जायेंगे। इन दोनों लिफाफों पर स्पष्ट रूप से क्रमशः टेक्निकल बिड एवं फाइनेंशियल बिड लिखा जायेगा। अर्नेस्टमनी भी एक पृथक लिफाफे में रखकर सील्ड की जायेगी तथा इस पर अर्नेस्टमनी लिखी जायेगी। इस प्रकार इन तीनों सील्ड लिफाफों को एक बड़े लिफाफे में रखा जायेगा। तैयार हुए इस एक सील्ड लिफाफे को ही स्वीकार किया जायेगा। इस लिफाफे पर विज्ञापन में उल्लिखित टेण्डर संख्या.................तथा टेण्डर खुलने की तिथि/समय स्पष्ट रूप से लिखा जायेगा। उपरोक्त टेण्डर **दिनांक 31–01–2014 को मध्यान्ह 12.00 बजे** तक परिषद कार्यालय में निर्धारित टेण्डर शुल्क जमा कर कय किया जा सकता है तथा **उसी दिन अपरान्ह 4.00 बजे** तक जमा किया जा सकता है, तत्पश्चात् **दिनांक 31–01–2014 को सॉय 4.30 बजे** टेण्डर उपस्थित एवं इच्छुक निविदाकर्ताओं की उपस्थिति में खोली जायेगी।

2. भाग–1 से सम्बन्धित लिफाफे में टेक्निकल बिड एवं कागज का नमूना तथा अन्य प्रमाणित अभिलेख इत्यादि रखे जायें। इस लिफाफे में दर/भाव से सम्बन्धित कोई भी सूचना कदाचित न रखी जाय। दर/भाव "फाइनेन्शियल बिड" के लिफाफे में ही रखी जाय। इनके साथ फर्म के लेटर–हेड पर (अग्रसारण पत्र) संलग्न किया जाय। भाग–2 पर अंकित निर्देशानुसार उसके स्तम्भ 7 एवं 8 में दरें अंकित की जाय।

3. फाइनेंशियल बिड में दरें अंकों में स्पष्ट रूप से अंकित की जाय। इसको यथा–सम्भव शब्दों में भी अंकित कर दिया जाय। दरें सभी करों सहित एफ0ओ0आर0 परिषद होनी चाहिए। परिषद द्वारा किसी कर का भुगतान नहीं किया जायेगा। स्रोत पर नियमानुसार आयकर कटौती की जायेगी। जिस हेतु फर्म का पैन नम्बर अनिवार्य होगा। साथ ही वाणिज्य कर विभाग द्वारा आवंटित टिन नम्बर निविदा भाग–1 (एक) में दिये गये निर्दिष्ट स्थान पर अंकित करना अनिवार्य है।

4. नियमानुसार आवश्यकता पड़ने पर अपरिहार्य स्थितियों में कार्य एवं कार्यादेश निगोशियेबल होगा।

# शर्तें (तीन पेज)

## निविदा भाग–1 के साथ संलग्न की जाय।

1. टेण्डर के साथ धरोहर धनराशि रु0 90,000/= राष्ट्रीयकृत बैंक के बैंक ड्राफ्ट/बैंकर्स चेक के रूप में जो **"निदेशक, व्यावसायिक परीक्षा परिषद उ0प्र0 लखनऊ"** के पक्ष में देय हो, संलग्न करना होगा तथा कार्यादेश प्राप्त होने की स्थिति में फर्म को कुल टेण्डर धनराशि का 10 प्रतिशत सुरक्षा धनराशि के रूप में बैंक ड्राफ्ट/बैंकर्स चेक जमा करना होगा।
2. विवरण पुस्तिका में दो स्थानों पर स्टेपिल किया जायेगा। मुद्रण हेतु प्रयुक्त होने वाला कागज परिषद द्वारा भाग–2 फाइनेन्शियल बिड के कागज का ब्राण्ड/मेक के अनुरूप होना चाहिए। मुद्रण हेतु विवरण पुस्तिका का नमूना परिषद द्वारा दिया जायेगा।
3. समस्त मुद्रित सामग्री की आपूर्ति हेतु दरें समस्त कर सहित एफ0ओ0आर0 कार्यालय व्यावसायिक परीक्षा परिषद, अलीगंज लखनऊ होंगी।
4. निविदा के साथ विवरण पुस्तिका के अन्दर के पृष्ठों तथा कवर पृष्ठ के लिए प्रयुक्त होने वाले कागज का नमूना तथा उसकी विशिष्टियों सहित निविदा के साथ संलग्न कर प्रेषित करना अनिवार्य है। नमूना संलग्न न करने पर निविदा पर विचार किया जाना सम्भव नहीं होगा। नमूना कागज पर निविदाकर्ता के हस्ताक्षर होना अनिवार्य है।
5. समस्त कार्य आफसेट प्रिंटिंग मशीन पर होना है। अतः निविदाकर्ता फर्म के पास 23"X36" की कम से कम दो आफसेट मशीने तथा बाईडिंग मशीन का होना अनिवार्य है। उक्त मशीनों के क्रय बिल की प्रमाणित प्रति भी संलग्न करें। साथ ही उपयुक्त वैकल्पिक विद्युत व्यवस्था तथा अन्य आवश्यक अनुसंग्रह एवं सुरक्षा व्यावस्था, पर्याप्त स्थल गोपनीय अभिलेख सुरक्षित रखे जाने हेतु जनशक्ति (कम से कम 50 कार्मिक)। कार्यादेश निर्गत करने से पूर्व कार्यस्थल का भौतिक निरीक्षण किया जा सकता है। यदि कोई कमी पायी जाती है तो कार्यादेश निरस्त करने का सर्वाधिकार निदेशक, परिषद के पास सुरक्षित होगा। आपूर्तिकर्ता फर्म को वाणिज्य कर विभाग में, निदेशक, मुद्रण एवं लेखन सामग्री उत्तर प्रदेश इलाहाबाद में पंजीकृत होना आवश्यक है। उक्त आशय से संबंधित प्रमाण पत्र संलग्न करना आवश्यक होगा तथा सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग में भी पंजीकृत हों।
6. निविदाएं निर्धारित टेण्डर फार्म पर ही स्वीकार की जायेंगी तथा निदेशक, व्यावसायिक परीक्षा परिषद उत्तर प्रदेश लखनऊ को एक या एक से अधिक निविदाओं को बिना कारण बताए निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित रहेगा।
7. विवरण पुस्तिका एवं अन्य मुद्रण सामग्री का नमूना किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय में आकर देखा जा सकता है।
8. निविदाकर्ता को निविदा दो भागों में प्रस्तुत करनी होगी एवं तीन लिफाफों का प्रयोग किया जायेगा। **पहले लिफाफे में जिस पर अर्नेस्ट मनी या ई0एम0** लिखा हो में अर्नेस्टमनी का बैंक ड्राफ्ट/बैंकर्स चेक जो **"निदेशक, व्यावसायिक परीक्षा परिषद उ0प्र0 लखनऊ"** के पक्ष में

होगा, को रखा जायेगा। **दूसरे लिफाफे में टेक्निकल बिड भाग–1** जिसमें अनुभव प्रमाण पत्र, पंजीयन प्रमाण पत्र, आयकर, वाणिज्य कर, सेवाकर का अदेय प्रमाण पत्र, तीन वर्षों की आडिटेड बैलेंश सीटें, कागज का नमूना परिषद की मांग अनुसार आदि रखा जायेगा। **तीसरा लिफाफा जिस पर फाईनेन्शियल बिड लिखा जायेगा, में टेण्डर के भाग–2** के अनुसार आपूर्ति की जाने वाली सामग्री की दरें समस्त कर सहित एफ0ओ0आर0 परिषद कार्यालय अंकित कर प्रस्तुत की जायेंगी। प्रथम एंव द्वितीय लिफाफे को पहले खोला जायेगा तथा अर्ह पाये जाने पर ही तीसरा लिफाफा जो कि फाईनेन्शियल बिड का होगा, खोला जायेगा।

9. निविदाकर्ता फर्म को निर्गत पैन कार्ड, वाणिज्य कर, सेवा कर पंजीयन की स्वप्रमाणित छाया प्रति संलग्न करना आवश्यक होगा। निविदाकर्ता फर्म निदेशक, सूचना विभाग, उ0प्र0 में पंजीकृत हो तथा पंजीयन की प्रमाणित प्रति संलग्न करनी होगी।

10 निविदाकर्ता फर्म का पिछले तीन वर्षों का वार्षिक टर्न ओवर रू0 **100.00 लाख** प्रति वर्ष से कम नहीं होना चाहिए। उक्त के साथ ही जिलाधिकारी स्तर से जारी **हैसियत प्रमाण–पत्र** एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक स्तर से जारी **चरित्र प्रमाण पत्र** निविदाकर्ता का होना एवं **निविदा भाग–1** के साथ संलग्न किया जाना अनिवार्य है। विगत तीन वर्षों की आडिटेड बैलेश सीट की प्रमाणित छाया प्रति संलग्न किया जाना अनिवार्य होगा। आडिटेड बैलेंश शीट संलग्न न होने की दशा में निविदा पर विचार किया जाना सम्भव न होगा।

11. निविदाकर्ता को कम से कम लगातार विगत 05 वर्ष का विश्वविद्यालयों, राजकीय आई0टी0आई0, इंजीनियरिंग कालेजों, राजकीय पॉलीटेक्निकों आदि के लिए आवेदन पत्र एवं अन्य मुद्रण कार्यो का अनुभव होना चाहिए। कार्य के सन्तोषजनक सम्पादन का प्रमाण पत्र अनुभव हेतु संलग्न किया जाय।

12. जो निविदाकर्ता नेट से डाउनलोड करेगें, वे निविदा जमा करने से पूर्व रू0 750.00 का बैंक ड्राफ्ट/बैंकर्स चेक या नगद परिषद कार्यालय में जमा कर रसीद प्राप्त कर लें।

13. निविदाकर्ता अपनी निविदा के दोनों बिडों को निर्धारित तिथि एवं समय से टेण्डर बाक्स में डालें। निर्धारित तिथि एवं समय के पश्चात प्राप्त निविदाओं पर विचार नहीं किया जायेगा।

14. निविदाकर्ता अलग से अपनी कोई अन्य विशिष्टियॉ न जोंड़े क्योंकि सशर्त निविदायें स्वीकार नहीं की जायेंगी।

15. जिस फर्म को कार्यादेश निर्गत किया जायेगा उस फर्म को कार्यादेश प्राप्त होने के 15 दिन के अन्दर कार्यादेश में अंकित सम्पूर्ण सामग्रियों की आपूर्ति करनी होगी।

16. परीक्षा कार्य समयबद्ध है अतः आपूर्तिकर्ता फर्म कार्यादेश में अंकित अवधि में वांछित सामग्री की आपूर्ति करने में असफल होगा तो वह कार्यादेश में अंकित सामग्री के कुल मूल्य के एक प्रतिशत प्रतिदिन की दर से दण्ड का भागी होगा जो आपूर्तिकर्ता के मूल्य बिल से काट लेने का पूर्ण अधिकार होगा। उक्त के अतिरिक्त यदि कार्यादेश में अंकित अवधि के 5 दिन पश्चात् तक कार्यादेश में अंकित सामग्री के आपूर्ति करने में अक्षम होती है तो दूसरी फर्म से वांछित सामग्रियों की प्रिटिंग एवं आपूर्ति/कार्य करा लिया जायेगा एवं कार्यादेश में अंकित सामग्रियों/कार्य के मूल्य

की धनराशि से अधिक लागत की धनराशि को निविदाकर्ता फर्म की धरोहर धनराशि से काट लिया जायेगा।

17. जिस फर्म को आपूर्ति/कार्य हेतु कार्यादेश निर्गत किया जायेगा उस फर्म को मुद्रण कर आपूर्ति की जाने वाली सामग्रियों की प्रूफ रीडिंग का सम्पूर्ण उत्तरदायित्व होगा एवं प्रूफ रीडिंग की फाइनल प्रति परिषद को कार्यादेश प्राप्त होने के तीन दिन के अन्दर सत्यापन हेतु उपलब्ध कराना अनिवार्य होगा।
18. निविदाकर्ता को अपने निविदा प्रपत्र के सभी पृष्ठों पर अपना हस्ताक्षर करना आवश्यक है।
19. यदि निविदाकर्ता, जिसकी निविदा में अंकित दरों को ''व्यावसायिक परीक्षा परिषद'' द्वारा अनुमोदित किया जायेगा, निर्देशानुसार दरानुबन्ध नहीं करेगा तो उसके द्वारा अपनी निविदा के साथ जमा अर्नेस्ट मनी की धनराशि ''व्यावसायिक परीक्षा परिषद'' द्वारा जब्त कर ली जायेगी तथा उसकी फर्म को ब्लैक लिस्टेड कर दिया जायेगा।
20. व्यावसायिक परीक्षा परिषद को यह अधिकार होगा कि वह बिना कारण बताये एक या उसके किसी भाग या सभी निविदाओं को निरस्त कर दे।
21. किसी भी विवाद की स्थिति में इस परिषद की निविदा समिति का निर्णय अन्तिम होगा तथा लखनऊ क्षेत्र स्थित न्यायाधिकरण तक सीमित होगा।
22. टेण्डर फार्म परिषद की वेबसाइट www.vppup.in से भी डाउनलोड किए जा सकते है। डाउनलोड टेण्डर प्रपत्रों एवं व्यावसायिक परीक्षा परिषद,उ0प्र0 कार्यालय में उपलब्ध प्रपत्रों में यदि कोई अन्तर/त्रुटि पायी जाती है तो कार्यालय में उपलब्ध प्रपत्रों को प्रमाणिक माना जायेगा।

7.1.14

निदेशक

मैंने/हमने उपरोक्त सभी निर्देशों एवं शर्तों को भली–भाँति पढ़कर समझ लिया है/समझ लिये हैं और उक्त सभी शर्तें मुझे/हमें पूर्ण रूपेण मान्य हैं।

13. निविदाकर्ता का हस्ताक्षर.............................
14. पूरा नाम.......................................................
15. पता...............................................................
.......................................................................
16. मोहर...........................................................
17. टेलीफोन नं0.............................................
18. मोबाइल नं0...............................................